यू.पी.पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा-2017
(सामान्य अध्ययन- द्वितीय प्रश्नपत्र)
मॉडल पेपर-1

1. प्रदीप इस तरह चल रहा है कि वह प्रत्येक 10 मीटर के पश्चात् $45°$ दाएँ मुड़ जाता है, तो कितनी बार मुड़ने के पश्चात् वह वापस उसी दिशा में चलेगा। जिस दिशा में वह शुरू में चल रहा था।
   (a) 4 बार (b) 15 बार
   (c) 7 बार (d) 8 बार
2. यदि मान लें कि $a + b$ का अर्थ है, b, a का भाई है, इसी प्रकार, $a \times b$ का अर्थ है, b, a का पति है, $a \div b$ का अर्थ है, a, b का पिता है तथा $a - b$ का अर्थ है, a, b की माँ है तो निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण यह बता रहा है कि A, B की नानी है?
   (a) $A \times B \div C - D$ (b) $A \times C \div D - B$
   (c) $A + B - C \times D$ (d) $B + C - D - A$
3. दिये गए वेन आरेख के आधार पर बताइये कि कितने शादीशुदा ऐसे हैं जो न तो अध्यापक है और न ही महिला हैं?



   (a) 9 (b) 15
   (c) 8 (d) 10
4. चक्रवृद्धि ब्याज एवं साधारण ब्याज का अनुपात क्या होगा? यदि कोई धन 2 वर्षो के लिये 5% वार्षिक ब्याज की दर पर दिया गया है?
   (a) 41 : 40 (b) 400 : 441
   (c) 440 : 41 (d) 441 : 40
5. किसी समकोण त्रिभुज के कर्ण को आधार मानकर बनाए गये वर्ग का परिमाप एवं अन्य दो भुजाओं को आधार मानकर बनाए गए वर्गों के परिमापों का अंतर कितना होगा? यदि त्रिभुज की भुजाएँ 3, 4 एवं 5 हों।
   (a) 8 मी.
   (b) 4 मी.
   (c) 6 मी.
   (d) 2 मी.
6. योग $(264)^{102} + (264)^{103}$ में इकाई अंक है।
   (a) 0 (b) 4
   (c) 6 (d) 8
7. A तथा B के बीच चौबीस टॉफी इस प्रकार बाँटी जानी हैं कि A की सात गुना तथा B की 5 गुना टॉफी मिलाकर 146 हों। तो A कितनी टॉफी पाता है?
   (a) 10 टॉफी (b) 11 टॉफी
   (c) 13 टॉफी (d) 12 टॉफी
8. एक छात्र को प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक मिलता है और प्रत्येक गलत उत्तर पर $\frac{1}{3}$ अंक की कटौती होती है। यदि 108 प्रश्नों पर उस छात्र को कुल शून्य अंक मिले हों, तो उसने कुल कितने प्रश्नों के गलत उत्तर दिये थे?
   (a) 30 (b) 81
   (c) 84 (d) 57
9. यदि $7 \tan\theta = 3$ है तो $\frac{7\sin\theta - \cos\theta}{7\sin\theta + \cos\theta}$ का मान क्या होगा।
   (a) 0 (b) 1
   (c) $\frac{1}{2}$ (d) -1
10. एक 300 मी. लंबी ट्रेन 45 किमी./घंटा की चाल से बिंदु A को जैसे ही पार करती है उसी समय एक मोटर साइकिल बिंदु A से 70 किमी./घंटा की चाल से चलना प्रारंभ करती है। जब यह ट्रेन के मध्य बिंदु पर पहुँचती है तो ट्रेन अपनी चाल बढ़ाकर 60 किमी./घंटा कर लेती है एवं मोटरसाइकिल अपनी चाल घटाकर 65 किमी./घंटा कर लेती है तो मोटरसाइकिल ने ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में कितनी दूरी तय की?
    (a) 2 किमी.
    (b) 2.25 किमी.
    (c) 2.37 किमी.
    (d) 2.50 किमी.
11. एक व्यक्ति 8 घंटे में यात्रा पूरी करता है। यदि वह आधाी दूरी 20 किमी./घंटा से एवं शेष दूरी 25 किमी./घंटा की चाल से तय करता है। तो कुल तय की गई दूरी ज्ञात करे–
    (a) $\frac{160}{9}$ किमी. (b) $\frac{16000}{9}$ किमी.
    (c) $\frac{1600}{9}$ किमी. (d) $\frac{16}{9}$ किमी.
12. एक कार्य को पूर्ण करने में A,B से दोगुना समय लेता है। यदि दोनों साथ मिलकर उस कार्य को 18 दिन में पूर्ण करते हैं, तो इस कार्य को स्वतंत्र रूप से करने में A को कितना समय लगेगा?
    (a) 40 दिन (b) 30 दिन
    (c) 60 दिन (d) 54 दिन

Copyright– Drishti The Vision Foundation

13. 200 फौजियों के लिये 20 दिनों का खाना मौजूद है। यदि 10 दिन के बाद 100 फौजी और आ जाएँ तो खाना कितने दिन और चलेगा?

(a) 18 दिन (b) $6\frac{2}{3}$ दिन

(c) $6\frac{1}{3}$ दिन (d) 6 दिन

14. एक शंकुवाकार लोहे के टुकड़े जिसकी लंबवत् ऊँचाई 1 मीटर तथा आधार की त्रिज्या 50 सेमी. है, को शीर्ष से सीधे लंबवत् दो समान टुकड़ों में काट दिया जाता है तो किसी एक टुकड़े के अंदर की तरफ बनी आकृति का नाम और क्षेत्रफल बताइये?

(a) त्रिभुज, $\frac{1}{2}$ मीटर^2 (b) वृत्त, $\frac{\pi}{4}$ मीटर^2

(c) आयत, $\frac{1}{2}$ मीटर^2 (d) शंकु, $\frac{\pi}{2}$ मीटर^2

15. A अपनी बहन B से बड़ी है, B का भाई C, A से बड़ा है। जब B एवं C, A के पास जाते हैं, तो तीनों चेस खेलना पसंद करते हैं। B, A से ज़्यादा जीतती है। निम्न में से कौन-सा निष्कर्ष उपरोक्त कथनों से निकाला जा सकता है-

(a) C प्राय: हारता है।

(b) A सबसे बड़ी है।

(c) A को हारना पसंद नहीं है।

(d) B सबसे छोटी है।

16. A और B किसी साझेदारी में 7 : 9 के अनुपात में पूंजी निवेश करते हैं तथा 8 वर्ष के पश्चात् A अपनी पूंजी निकाल लेता है। यदि उनके लाभ का अनुपात 8 : 9 है तो बताइये कि B का धन कितने समय तक इस्तेमाल हुआ?

(a) 9 वर्ष (b) 7 वर्ष

(c) 8 वर्ष (d) 10 वर्ष

17. निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण पूर्णत: सत्य है?

(a) $50 + 10 \times 3 + 5 + 5 = 70$

(b) $50 \div 10 - 5 \times 2 + 5 = 70$

(c) $50 + 10 \times 5 \div 2 + 5 = 70$

(d) $50 + 5 \times 10 \div 2 - 5 = 70$

18. निम्नलिखित में कौन-सा अन्य तीनों से भिन्न है?

(a) B A T G Z Y (b) C A P K Z X

(c) D O G T L W (d) O X F A M E

19. निम्नलिखित दिये गए प्रश्न में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

3, 8, 10, 15, 17, ?, ?

(a) 26, 31 (b) 29, 34

(c) 26, 28 (d) 22, 24

20. एक कक्षा में 60% छात्र लड़के तथा 40% लड़कियाँ हैं। एक परीक्षा में सभी छात्रों के प्राप्तांक का माध्य 50 तथा लड़कों का माध्य 42 है, तो लड़कियों के द्वारा प्राप्त अंकों का माध्य होगा?

(a) 58 (b) 60

(c) 62 (d) 64

21. प्रथम 100 प्राकृत संख्याओं में से एकाएक एक संख्या चुनी जाती है। क्या प्रायिकता है कि चुनी गई संख्या 3 अथवा 12 का गुणज हो?

(a) $\frac{1}{4}$ (b) $\frac{41}{100}$

(c) 33 (d) $\frac{33}{100}$

22. किसी बल्लेबाज द्वारा 250 पारियों में 15625 रन बनाए गए हैं। यदि 251 पारियों के बाद उसके औसत में 0.25 रनों की वृद्धि हो जाती है तो 251वीं पारी में उसके द्वारा कितने रन बनाए गए?

(a) 125 (b) 123

(c) 124 (d) 130

23. 10 छात्राओं की औसत आयु 16 वर्ष है तथा 12 छात्रों की औसत आयु 18 वर्ष है। 10 छात्राओं तथा 6 छात्रों की औसत आयु 15 वर्ष है तो शेष 6 छात्रों की औसत आयु कितनी है?

(a) 21 वर्ष (b) 22.67 वर्ष

(c) 22 वर्ष (d) 23 वर्ष

24. यदि $3^x = 4^y = 12^{-z}$ तो $\left(\frac{1}{x}+\frac{1}{y}+\frac{1}{z}\right) = ?$

(a) 0 (b) –1

(c) 4 (d) 12

25. यदि चार सिक्कों को एक साथ उछाला जाता है तो क्या प्रायिकता है कि कम से कम तीन सिक्कों पर चित्त हो?

(a) $\frac{1}{4}$ (b) $\frac{3}{4}$

(c) $\frac{5}{16}$ (d) $\frac{3}{16}$

26. यदि एक पिरामिड जिसका आधार एक वर्ग है, जिसकी भुजा की लंबाई 12 मी. है एवं पिरामिड की ऊँचाई 8 मी. है तो पिरामिड की तिर्यक ऊँचाई क्या होगी?

(a) 16 मी. (b) 12 मी.

(c) 20 मी. (d) 10 मी.

27. राम के बटुवें में 1 रुपया, 2 रुपये और 5 रुपये के सिक्के हैं। 5 रुपया के सिक्कों की संख्या 12 है। यदि कुल धनराशि 125 रुपये है तथा 1 रुपया के सिक्कों की

Copyright– Drishti The Vision Foundation

संख्या, 2 रुपये के सिक्कों की संख्या से 5 अधिक है तो 2 रुपये के सिक्कों की संख्या कितनी है?

(a) 15 (b) 20

(c) 24 (d) 35

28. राहुल व पलक की शादी के समय औसत आयु 24 वर्ष थी। दो वर्षों के बाद जुड़वाँ बच्चों का जन्म हुआ। शादी के 4 वर्ष बाद परिवार की औसत आयु क्या होगी?

(a) 14 वर्ष (b) 15 वर्ष

(c) 20 वर्ष (d) 28 वर्ष

29. यदि $a : b = 2 : 3$ हो, तो $(7a + 3b) : (7a - 4b) = ?$

(a) 10 : 3 (b) 23 : 2

(c) 27 : 13 (d) 3 : 2

30. इस आकृति में कितने समचतुर्भुज हैं?



(a) 13 (b) 15

(c) 9 (d) 11

31. निम्न प्रेक्षणों 0, 1, 5, 7, 3, 2, 2, 5, 5, 8, 0 का बहुलक होगा–

(a) 2.8 (b) 5

(c) 2 (d) 0

32. शतमक चर की वो सख्या है जो कि बारंबारता योग को 'K' बराबर भागों में बाँटता है। K होगा–

(a) 100

(b) 101

(c) 99

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

33. एक पार्टी में कुल 17 लोग हैं और उनमें से प्रत्येक एक-दूसरे से हाथ मिलाते हैं तो कुल हस्त मिलापों की संख्या ज्ञात करें।

(a) 163 (b) 136

(c) 142 (d) 124

34. तीन धनात्मक संख्याएँ समांतर श्रेणी में है, जिसमें सर्वांतर 4 है। यदि सबसे बड़ी व सबसे छोटी संख्या का गुणनफल 240 हो तो तीनों संख्याओं का औसत क्या होगा?

(a) 16 (b) 12

(c) 20 (d) 18

35. यदि तीन पदार्थों के मिश्रण में $(A + B)$ की प्रतिशत मात्रा 35% हो तो $(C + B)$ की प्रतिशत मात्रा कितनी होगी?

(a) 40%

(b) 50%

(c) 30%

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता।

36. यदि $xy - 3x + 5y + c$ को गुणनखंडों के रूप में व्यक्त करना हो तो C का मान निम्न में क्या होगा?

(a) – 15 (b) 15

(c) – 21 (d) 21

37. एक पासे को फेंकने पर 5 नहीं आने की प्रायिकता क्या है?

(a) $\frac{5}{3}$ (b) $\frac{5}{6}$

(c) $\frac{3}{2}$ (d) $\frac{5}{8}$

38. $1+\frac{7}{5}+\frac{13}{5^2}+\frac{19}{5^3}+...\infty = ?$

(a) $\frac{8}{25}$ (b) $\frac{25}{8}$

(c) $\frac{25}{16}$ (d) $\frac{16}{25}$

39. एक घड़ी सोमवार दोपहर 2 बजे से 3 मिनट पीछे है और बुधवार 2 बजे दोपहर से 5 मिनट आगे है। इसने ठीक समय कब दिखाया?

(a) मंगलवार 6 बजे सुबह

(b) मंगलवार सुबह 8 बजे

(c) बुधवार 4 बजे सुबह

(d) बुधवार सुबह 8 बजे

40.



ABCD का क्षेत्रफल क्या होगा?

(a) 3062 $मी^2$ (b) 2500 $मी^2$

(c) 2700 $मी^2$ (d) 2736 $मी^2$

41. मौलिक अधिकारों की संरक्षक है–

(a) कार्यपालिका

(b) संसद

(c) न्यायपालिका

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Copyright– Drishti The Vision Foundation

42. निम्नलिखित संस्थाओं में महिलाओं के लिये आरक्षण का प्रावधान किया गया है–

1. लोकसभा
2. विधानसभा
3. पंचायती राज
4. नगरपालिका

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

(a) केवल 3 (b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) केवल 2, 3 और 4

43. भारत में विभिन्न धार्मिक समुदायों के लोग निवास करते हैं। उनके जनसंख्या के घटतें क्रम के अनुपात का सही क्रम कौन-सा है?

(a) सिक्ख-इसाई-बौद्ध-जैन
(b) सिक्ख-ईसाई-जैन-बौद्ध
(c) ईसाई-सिक्ख-बौद्ध-जैन
(d) ईसाई-सिक्ख-जैन-बौद्ध

44. राजनीतिक दलों के विषय में निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) राजनीतिक दल चुनाव में भाग लेते हैं।
(b) ये जनमत-निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
(c) ये सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जनता के समक्ष रखते हैं।
(d) ये केवल अपने सदस्यों के हित में कार्य करते हैं।

45. अनुच्छेद-352 के अंतर्गत भारत का राष्ट्रपति आपात की घोषणा करता है–

1. सशस्त्र विद्रोह होने पर
2. सांप्रदायिक संघर्ष होने पर
3. बाहरी आक्रमण होने पर
4. आंतरिक अशांति होने पर

अधोलिखित कूटों से सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 3 और 4

46. भारत के लिये संविधान का सर्वप्रथम उल्लेख किया गया था–

(a) वेवेल योजना
(b) माउंटबेटन योजना
(c) भारत शासन अधिनियम, 1935
(d) क्रिप्स मिशन

47. वर्तमान नागरिक घोषणापत्र विधेयक में कितनी समय-सीमा के भीतर एक अधिकारी को सूचना उपलब्ध कराना अनिवार्य है?

(a) 6 माह (b) 30 दिन
(c) 60 दिन (d) 7 माह

48. पंचायती राज से संबंधित निम्नलिखित समितियों और संबंधित अनुशंसाओं को सुमेलित कीजिये।

सूची-I	सूची-II
A. बलवंत राय मेहता समिति	1. पंचायतों के द्विस्तरीय ढाँचों की मांग
B. अशोक मेहता समिति	2. पंचायतों के त्रिस्तरीय ढाँचों की मांग
C. एम.एम. सिंघवी समिति	3. पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता दी जाए
D. जी.वी. के. राव समिति	4. ज़िला विकास आयुक्त के पद का सृजन

कूट:

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	2	4	1	3
(c)	2	1	3	4
(d)	3	4	2	1

49. निम्नलिखित में से कितने सदस्य जिला योजना समिति मे ज़िला स्तर की पंचायत एवं नगरपालिकाओं के निर्वाचित सदस्यों द्वारा अपने में से ही चुने जाते हैं?

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{3}$
(c) $\frac{2}{5}$ (d) $\frac{4}{5}$

50. नीचे दिये गए सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीयिजे:

सूची-I	सूची-II
A. सर्वोच्च न्यायालय के रिट संबंधी अधिकार	1. अनुच्छेद 124
B. उच्च न्यायालयों के रिट संबंधी अधिकार	2. अनुच्दे्द 137
C. उच्चतम न्यायालय की आदेशों या निर्णयों के पुनरावलोकन की शक्ति	3. अनुच्छेद 32
D. उच्चतम न्यायालय की स्थापना और गठन	4. अनुच्छेद 226

कूट:

	A	B	C	D
(a)	3	4	2	1
(b)	2	1	3	4
(c)	3	1	4	2
(d)	3	1	2	4

Copyright– Drishti The Vision Foundation

51. संविधान का कौन-सा संशोधन ग्रामीण स्थानीय शासन से संबंधित है?
   (a) 73वाँ संविधान संशोधन
   (b) 74वाँ संविधान संशोधन
   (c) 91वाँ संविधान संशोधन
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

52. शासन के कार्यकारी अंगों में कौन-सा शामिल है?
   1. प्रधानमंत्री
   2. मंत्रिपरिषद
   3. प्रशासनिक अधिकारी
   4. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

   कूट:
   (a) केवल 1 और 4 (b) केवल 1, 2 और 3
   (c) केवल 1, 2 और 4 (d) उपरोक्त सभी

53. भारत के राष्ट्रपति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारत के संविधान में औपचारिक रूप से संघ की कार्यपालिका शक्तियाँ राष्ट्रपति में निहित होती है।
   2. राष्ट्रपति का निर्वाचन समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली और एकल संक्रमणीय मत के सिद्धांत के अनुसार होता है।

   उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

54. वित्त आयोग एक निकाय है–
   (a) न्यायिक
   (b) अर्द्धन्यायिक व सलाहकारी
   (c) केवल सलाहकारी
   (d) पूर्ण न्यायिक व सलाहकारी

55. न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति किन अनुच्छेदों में अंतर्निहित है?
   (a) 13, 226, 236 (b) 13, 226, 237
   (c) 32, 33, 226 (d) 13, 32, 226

56. 'निदेशक तत्त्व सामाजिक क्रांति के उद्देश्यों की प्राप्ति के माध्यम हैं।'
   उपरोक्त कथन निम्नलिखित में से किस विद्वान का है?
   (a) बी.एन. राव
   (b) डॉ. अंबेडकर
   (c) ग्रेनविल आस्टिन
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

57. लोकसभा का कार्यकाल–
   (a) किसी भी परिस्थिति में नहीं बढ़ाया जा सकता।
   (b) एक बार में छः महीने के लिये बढ़ाया जा सकता है।
   (c) आपातकाल की घोषणा के दौरान एक बार में एक वर्ष तक के लिये बढ़ाया जा सकता है।
   (d) आपातकाल की घोषणा के दौरान एक बार में दो वर्ष तक के लिये बढ़ाया जा सकता है।

58. भारत के संविधान में निर्धारित किये गए लोकसभा सदस्यों की संख्या अधिकतम हो सकती है–
   (a) 547 (b) 545
   (c) 552 (d) 540

59. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 371 ख में निम्न राज्य/राज्यों में से किसके लिये विशेष उपबंध प्रावधानित हैं।
   (a) महाराष्ट्र और गुजरात (b) असम
   (c) नागालैंड (d) मणिपुर

60. निम्नलिखित में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?
   1. मिजोरम – चकमा जिला
   2. असम – लाई जिला
   3. त्रिपुरा – बोडोलैंड प्रदेश क्षेत्र
   4. मेघालय – जयंतिया पहाड़ी क्षेत्र

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 4 (d) केवल 2 और 4

61. जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था का विकास होता है, वैसे-वैसे जी.डी.पी. में तृतीयक क्षेत्र का अंश–
   (a) घटता है
   (b) घटता है फिर बढ़ता है
   (c) बढ़ता है
   (d) स्थिर रहता है

62. भारत में राष्ट्रीय आय का प्रथम मापन किसके द्वारा किया गया?
   (a) एम.जी. रानाडे (b) दादाभाई नौरोजी
   (c) विलियम डिग्बई (d) वी.के.आर.वी. राव

63. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) बैंकरों के बैंक (केंद्रीय बैंक) के रूप में कार्य करता है, इसका अर्थ निम्नलिखित में से कौन-से हैं?
   1. अन्य बैंक RBI के पास अपनी जमा संचित रखते हैं।
   2. आवश्यकता के समय RBI वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है।

   निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) उपरोक्त में कोई नहीं

Copyright– Drishti The Vision Foundation

64. भारत सरकार द्वारा बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण की स्थापना की गई थी-
   (a) अप्रैल 2000 में (b) अप्रैल 2001 में
   (c) अप्रैल 2002 में (d) अप्रैल 2003 में

65. भारत में वित्त आयोग का मुख्य कार्य है-
   (a) केंद्र तथा राज्यों के बीच राजस्व का वितरण करना
   (b) वार्षिक बजट तैयार करना
   (c) राष्ट्रपति को वित्तीय मामलों पर परामर्श करना
   (d) संघ एवं राज्यों के विभिन्न मंत्रालयों के लिये नियमों का विनिधान करना।

66. रुपए की परिवर्तनीयता का तात्पर्य है-
   (a) रुपए के नोटों के बदले सोना प्राप्त कर सकना
   (b) रुपए के मूल्य के बाजार की शक्तियों द्वारा निर्धारित होने देना
   (c) रुपए को अन्य प्रमुख मुद्राओं और अन्य प्रमुख मुद्राओं को रुपए में मुक्त रूप से परिवर्तित करके दने की अनुमति
   (d) मुद्राओं के लिये भारत में अंतर्राष्ट्रीय बाजार का विकास

67. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम अल्पसंख्यक वर्ग के कौशल विकास से संबंधित है?
   (a) नई मंजिल कार्यक्रम
   (b) भारत निर्माण योजना
   (c) हौसला पोषण योजना
   (d) संकल्प योजना

68. पलायन संक्रमण सिद्धांत का प्रतिपादन निम्नलिखित में से किसने किया था?
   (a) मेक्स वेबर ने
   (b) विल्बर जेलिंसकी ने
   (c) कार्ल मार्क्स ने
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

69. खाद्यान्नों के समर्थन मूल्य की संस्तुति देता है-
   (a) नीति आयोग
   (b) कृषि मंत्रालय
   (c) सिंचाई मंत्रालय
   (d) कृषि लागत एवं मूल्य आयोग

70. निम्नलिखित में से कौन मुद्रास्फीति के नियंत्रण की विधि नहीं है?
   (a) मांग पर नियंत्रण
   (b) वस्तुओं की राशनिंग
   (c) ब्याज दर को कम करना
   (d) मुद्रा की पूर्ति पर नियंत्रण

71. उत्तर प्रदेश के बजट 2018-19 में सौर ऊर्जा नीति-2017, निम्नलिखित में से कितने वर्षों के लिये प्रभावी रहेगी-
   (a) 4 वर्षों (b) 6 वर्षों
   (c) 5 वर्षों (d) 7 वर्षों

72. उत्तर प्रदेश के बजट 2018-19 को इको टूरिज्म की दृष्टि से निम्नलिखित में से कितने स्थान चिह्नित किये गए हैं-
   (a) 40 (b) 27
   (c) 38 (d) 39

73. उत्तर प्रदेश के बजट 2018-19 में स्प्रिंकलर सिंचाई योजना के अंतर्गत किसानों को सब्सिडी निम्नलिखित में से कितने करोड़ रुपए प्रस्तावित की गई है-
   (a) 30 करोड़ रुपए (b) 38 करोड़ रुपए
   (c) 40 करोड़ रुपए (d) 24 करोड़ रुपए

74. उत्तर प्रदेश के बजट 2018-19 में राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य तथा रोग नियंत्रण कार्यक्रम हेतु निम्नलिखित में से कितनी रकम प्रस्तावित की गई है-
   (a) ₹ 190 करोड़ (b) ₹ 180 करोड़
   (c) ₹ 100 करोड़ (d) ₹ 270 करोड़

75. उत्तर प्रदेश में नन्द बाबा पुरस्कार योजना निम्नलिखित में से किससे संबंधित है-
   (a) मत्स्य विकास (b) ग्राम्य विकास
   (c) दुग्ध विकास (d) पेयजल कार्यक्रम

76. जनगणना-2011 के अनुसार भारत के किस राज्य का दशकीय वृद्धि दर सर्वाधिक है-
   (a) हिमाचल प्रदेश (b) अरुणाचल प्रदेश
   (c) नागालैंड (d) मेघालय

77. कपार्ट का संबंध है-
   (a) कंप्यूटर हार्डवेयर से
   (b) निर्यात वृद्धि हेतु परामर्शी सेवाएँ
   (c) ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की सहायता एवं मूल्यांकन कार्यों से
   (d) स्वरोजगार निर्माण

78. जनगणना-2011 के आधार पर उत्तर प्रदेश के ज़िला गौतमबुद्धनगर की महिला साक्षरता दर कितनी है-
   (a) 64.28% (b) 62.35%
   (c) 64.45% (d) 70.82%

79. उत्तर प्रदेश के बजट 2018-19 में मध्याह्न भोजन योजना हेतु निम्नलिखित में से कितनी रकम प्रस्तावित की गई है-
   (a) 2 हजार 48 करोड़ (b) 3 हजार 84 करोड़
   (c) 2 हजार 84 करोड़ (d) 1 हजार 48 करोड़

80. निम्नलिखित में से कौन-सा आंतरिक ऋण का घटक है?
   1. बाजार ऋणदान
   2. ट्रेजरी बिल
   3. भारतीय रिजर्व बैंक को निर्गमित विशेष प्रतिभूति

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

Copyright– Drishti The Vision Foundation

81. नीराचंल राष्ट्रीय वाटरशेड प्रोग्राम, निम्नलिखित में से कब शुरू किया गया?
(a) 1 जुलाई, 2015 (b) 7 अक्टूबर, 2015
(c) 13 जनवरी, 2016 (d) 14 फरवरी, 2015

82. केंद्रीय खाद्य तकनीकी अनुसंधान संस्थान स्थित है-
(a) चेन्नई (b) कानपुर
(c) मैसूरू (d) इलाहाबाद

83. निम्नलिखित में से कौन-सा महारत्न कंपनी है?
(a) राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड
(b) गेल इंडिया लिमिटेड
(c) ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड
(d) आयल इंडिया लिमिटेड

84. राष्ट्रीय कृषि बाजार 'ई-नाम' का निम्नलिखित उद्देश्य है-
(a) राज्यों में स्थित कृषि उपज मंडी श्रृंखला को इंटरनेट के माध्यम से जोड़कर एकीकृत राष्ट्रीय कृषि उपज बाजार का विकास करना
(b) जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण एवं विपणन को प्रोत्साहित करना
(c) कुशल, अकुशल एवं विशेषकर बेरोजगार व्यक्तियों के लिये रोजगार का सृजन करना
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

85. ट्राइफेड की स्थापना हुई है-
(a) अगस्त 1986 (b) जुलाई 2010
(c) अगस्त 1987 (d) अगस्त 1980

86. उत्तर प्रदेश किसान उदय योजना की शुरुआत कब हुई?
(a) 23 दिसंबर, 2016 (b) 23 दिसंबर, 2017
(c) 24 दिसंबर, 2017 (d) 25 दिसंबर, 2016

87. किस उद्योग को आधुनिक सभ्यता के लिये सबसे मूलभूत माना जाता है?
(a) रसायन (b) लोहा व इस्पात
(c) वस्त्र (d) पेट्रो रसायन

88. भारत के किस उद्योग में अधिकतम श्रमिक लगे हुए हैं?
(a) चीनी (b) कपड़ा उद्योग
(c) जूट (d) लोहा एवं इस्पात

89. समावेशी विकास सूचकांक 2018 में भारत का स्थान कितना है?
(a) 37वां (b) 38वाँ
(c) 26वां (d) 62वां

90. 'स्फूर्त्ति एप' निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने लॉन्च किया है?
(a) भारतीय रक्षा मंत्रालय
(b) रेल मंत्रालय
(c) गृह मंत्रालय
(d) आयुष मंत्रालय

91. एक उपभोक्ता स्तर से दूसरे उपभोक्ता को जैव मात्रा का कितना प्रतिशत भाग स्थानांतरित होता है?
(a) 10% (b) 20%
(c) 30% (d) 50%

92. पारितंत्र में खाद्य श्रृंखलाओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से किस प्रकार का/के जीव अपघटक जीव कहलाते हैं?
1. विषाणु 2. जीवाणु
3. कवक
कूट:
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) उपरोक्त सभी

93. भारतीय संविधान में 'संविधान में संशोधन' की प्रक्रिया कहाँ से ली गई हैं?
(a) जापान (b) दक्षिण अफ्रीका
(c) आस्ट्रेलिया (d) संयुक्त राज्य अमेरिका

94. निम्नलिखित में से कौन-सा आहारनाल का सबसे लंबा भाग है?
(a) क्षुद्रांत्र (b) वृहदांत्र
(c) आमाशय (d) ग्रसिका

95. अवायवीय श्वसन और वायवीय श्वसन दोनों ही प्रक्रमों में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया समान है?
(a) पायरुवेट का इथेनॉल और ग्लूकोज में विखंडन
(b) ग्लूकोज जो कि एक छः कार्बन वाला अणु है, का तीन कार्बन वाले अणु पायरुवेट में विखंडन
(c) पायरुवेट का लैक्टिक अम्ल और कार्बन डाइआक्साइड में विखंडन
(d) पायरुवेट का जल और कार्बन डाइऑक्साइड में विखंडन

96. निम्नलिखित में से कौन कोशिका की उष्माशोषी (Endothermic) क्रियाओं के परिचालन के लिये ईंधन की तरह प्रयुक्त होता है?
(a) ए.टी.पी. (b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) ऑक्सीजन (d) जल

97. प्रकाश के क्वांटम सिद्धांत के अनुसार प्रकाश की प्रकृति है-
(a) कण के समान
(b) तरंग के समान
(c) न तो कण के समान और न ही तरंग के समान
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. गोलीय दर्पण के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?
(a) जिस गोलीय दर्पण का परावर्त्तक पृष्ठ गोले के अंदर की ओर वक्रित होता है, अवतल दर्पण कहलाता है।
(b) जिस गोलीय दर्पण का परावर्तन पृष्ठ बाहर की ओर वक्रित होता है, उत्तल दर्पण कहलाता है।

Copyright– Drishti The Vision Foundation

(c) उत्तल दर्पण द्वारा वस्तु का प्रतिबिंब वास्तविक तथा उल्टा बनता है।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

99. निम्नलिखित में से कौन-से तत्त्व धातु और अधातु दोनों के गुणधर्म प्रदर्शित नहीं करते हैं?

1. बोरॉन
2. सिलिकॉन
3. कार्बन
4. जर्मेनियम
5. आयोडीन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 3 और 5 (d) कवेल 3, 4 और 5

100. मानव नेत्र के जिस भाग में किसी वस्तु का प्रतिबिंब बनता है?

(a) पुतली पर (b) रेटिना पर

(c) कार्निया पर (d) परितारिका पर

101. प्रकाश यदि किसी प्रिज्म से होकर गुजरता है तो कौन-सा रंग सबसे अधिक विक्षेपित होता है?

(a) बैंगनी (b) हरा

(c) नीला (d) लाल

102. पुष्पों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक रूपांतरित प्ररोह है।
2. यह लैंगिक जनन में महत्त्वपूर्ण है।
3. जायांग पुष्प के नर जनन अंग होते हें।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

103. नेशनल बोटेनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट निम्नलिखित में से कहाँ अवस्थित है?

(a) हावड़ा (b) लखनऊ

(c) नागपुर (d) चेन्नई

104. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. ब्लेडरवर्ट
2. वीनस फ्लाईट्रैप
3. बसकूटा (अमरबेल)

उपर्युक्त पादपों में कौन-सा/से कीटभक्षी है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

105. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें पुष्पी पादप कहते हैं।
2. इनमें बीज फलों के भीतर होते हैं।
3. ये पादपों में सबसे बड़ा वर्ग है।
4. द्विनिषेचन इनका अद्वितीय गुण है।

उपर्युक्त विशेषताएँ वनस्पति वर्ग के किस उपवर्ग को संदर्भित करती है।

(a) एंजियोस्पर्म (b) टेरिडोफाइट

(c) ब्रायोफाइट (d) जिम्नोस्पर्म

106. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

1. हरे शैवाल : क्लोरोफाइसी
2. लाल शैवाल : फियोफाइसी
3. भूरे शैवाल : रोडोफाइसी

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

107. पर्णहरित में कौन-सा तत्त्व पाया जाता है?

(a) जिंक (b) सिलिकॉन

(c) मैग्नीशियम (d) फास्फोरस

108. प्रकाश संश्लेषण के दौरान ऑक्सीजन उत्पन्न होती है।

(a) अमीनो अम्ल से (b) कार्बन डाईऑक्साइड से

(c) जल से (d) उपाचयी कोशिका से

109. लार में उपस्थित लाइसोजाइम एंजाइम:

(a) स्टार्च को माल्टोज में परिवर्तित करता है।

(b) भोजन के ग्रसिका में प्रवेश को नियंत्रित करता है।

(c) जीवाणुओं के संक्रमण को रोकता है।

(d) प्रोटीन का पाचन करने में सहायता करता है।

110. जैव-विविधता संरक्षण एवं ग्रामीण आजीविका सुधार परियोजना के संबंध में कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. इस परियोजना का लक्ष्य जैव-विविधता को खत्म किये बिना रोजगार का सृजना करना है।
2. यह परियोजना विश्व बैंक की सहायता से चलाई जा रही है।
3. इसे दिसंबर 2017 में शुरू किया गया है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

111. परखनली शिशु के मामले में-

(a) निषेचन परखनली के अंदर होता है।

(b) शिशु का परिवर्द्धन परखनली के अंदर होता है।

(c) निषेचन माता के शरीर के बाहर होता है।

(d) अनिषेचित अंड का परखनली के अंदर परिवर्द्धन होता है।

112. कपास के कीट-रोधी पौधे आनुवंशिक इंजीनियरिंग द्वारा एक जीन को निविष्ट कर निर्मित किये गए हैं, जो लिया गया है-

(a) विषाणु से (b) जीवाणु से

(c) फफूँद से (d) कीट से

Copyright– Drishti The Vision Foundation

113. गोल्डन चावल एक प्रचुरतम स्रोत है-
(a) विटामिन A (b) विटामिन B
(c) विटामिन D (d) विटामिन E

114. बीटी (Bt) के विष (toxin) रवे (crystal) कुछ जीवाणुओं द्वारा बनाए जाते हैं, लेकिन जीवाणु स्वयं को नहीं मारते हैं, क्योंकि-
(a) जीवाणु के प्रति प्रतिरोधी है।
(b) विष, अपरिपक्व होते हैं।
(c) विष, निष्क्रिय होते हैं।
(d) विष जीवाणु की विशेष थैली में मिलता है।

115. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:
1. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम-1986
2. जल प्रदूषण निरोध एवं नियंत्रण अधिनियम-1974
3. वायु प्रदूषण निरोध एवं नियंत्रण अधिनियम-1981
उपरोक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) उपरोक्त सभी

116. किस पादप को बंगाल का आतंक कहा जाता है।
(a) नीलाशोण
(b) हायसिंध (आइकोर्निया केसिपीज)
(c) सारगासम
(d) इनमें से कोई नहीं

117. निम्नलिखित में से कौन-से मानव में होने वाले जीवाणु द्वारा रोग हैं?
1. टायफॉयड
2. एड्स
3. मलेरिया
4. अतिसार पेचिस
कूट:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) केवल 1 और 4

118. विभिन्न परजीवियों तथा उनसे होने वाले रोगों के संबंध में कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?
1. कवक (फंजाई) - दाद (रिंगवर्म)
2. कृमि (हेल्मिन्थ) - हाथी पाँव (फाइलेरिया)
3. विषाणु (वायरस) - एड्स
कूट:
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

119. धूम्रपान से शरीर के रक्त में किसकी मात्रा बढ़ जाती है?
(a) कार्बन डाइऑक्साइड
(b) कार्बन मोनोऑक्साइड
(c) मीथेन
(d) सल्फर डाइऑक्साइड

120. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. मानव शरीर में एलर्जी मास्ट कोशिकाओं से हिस्टैमिन और सीरोटोनिन जैसे रसायनों के निकलने के कारण होती है।
2. मानव प्रतिरक्षा तंत्र में लसिकाय अंग, ऊतक कोशिकाएँ शामिल हैं।
कूट:
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

121. निम्नलिखित में से कौन औद्योगिक प्रदूषण का सूचक है?
(a) लाइकेन (b) बेलाडोना
(c) शैवाल (d) तुलसी

122. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये तथा सही कथनों की पहचान करें।
1. विकास के उत्परिवर्तन (म्यूटेशन) के सिद्धांत का प्रतिपादन ह्यूगो डीवेरीज ने किया।
2. ह्यूगो डीवेरीज के मत के अनुसार विभिन्न जीव रूपों का विकास उनके अंगों के उपयोग एवं अनुप्रयोग के कारण हुआ है।
कूट:
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

123. जेनेटिकली मोडीफाइड (आनुवंशिक रूपांतरित) फसलों के संबंध में कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. ये फसलें सूखे, ठंड, लवणता एवं ताप के प्रति अधिक सहिष्णु होती है।
2. इन फसलों की खनिज उपयोग क्षमता अधिक होती है।
3. इन फसलों की कीटों के प्रति प्रतिरोधी क्षमता अधिक होती है।
कूट:
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) उपरोक्त सभी

124. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. सभी तरह के यौन संचरित रोग पूरी तरह से उपचार योग्य हैं।
2. सभी यौन संचरित रोग संक्रमित माता से उसके गर्भस्थ शिशु में संचरित होते हैं।
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

125. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. ध्वनि बूम (Sonic Boom) पराध्वनिक गति के कारण उत्पन्न प्रघाती तरंगों से संबद्ध वायुदाब में परिवर्तन से उत्पन्न बहुत तेज और प्रबल ध्वनि है।

Copyright– Drishti The Vision Foundation

2. किसी ध्वनि की स्पष्ट प्रतिध्वनि सुनने के लिये मूल ध्वनि तथा परावर्तित ध्वनि के बीच कम-से-कम 0.1 सेकंड का समयांतरल आवश्यक है।
3. अनुरणन, बारम्बार परिवर्तन से ध्वनि में स्थायित्व की एक स्थिति है।

उपरोक्त कथनों में से सत्य कथनों की पहचान करें।

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

126. सार्वत्रिक गुरुत्वीय स्थिरांक (G) का मान निम्नलिखित में से कितना होता है?

(a) 9.8 (b) 6.673×10^{-11}
(c) 6×10^{24} (d) 6.4×10^{6}

127. निम्नलिखित में से किन पुस्तकों का संबंध गैलीलियो गैलिली से है?

1. द लिटिल बैलेंस
2. स्टारी मैसेंजर
3. डिस्कोर्स ऑन फ्लोटिंग बॉडीज
4. लेटर्स ऑन दि सनस्पॉट

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

128. जब कमरे में किसी छोटे छिद्र से प्रकाश की किरण आती है तो कमरे की धूल और कार्बन कणों द्वारा फैला दी जाती है जिससे किरण का मार्ग दिखाई देता है। यह घटना निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है?

(a) टिंडल प्रभाव (b) प्रकाश-विद्युत प्रभाव
(c) प्रकाश का विकिरण (d) इनमें से कोई नहीं

129. मोमबत्ती के जलने की प्रक्रिया में कौन-सा/से परिवर्तन होता है/हैं?

(a) भौतिक परिवर्तन (b) रासायनिक परिवर्तन
(c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

130. सजीवों में जन्म और विकास के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये-

1. मुकुलन - अमीबा की जनन प्रक्रिया
2. द्विखंडन - हाइड्रा की जनन प्रक्रिया
3. कायांतरण - लारवा का कुछ उग्र-परिवर्तनों द्वारा व्यस्क जंतु में बदलना

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

131. क्षुद्रग्रह, धूमकेतु तथा उल्का के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच में उपस्थित हैं।
2. धूमकेतु परवलीय कक्षाओं में सूर्य की परिक्रमा करते हैं।
3. उल्का को टूटता तारा या शूटिंग स्टार कहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

132. सूर्य पृथ्वी का निकटतम तारा है। सूर्य के पश्चात् दूसरा निकटतम तारा निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) सीरियस (b) ध्रुवतारा
(c) अल्फा सेन्टॉरी (d) इनमें से कोई नहीं

133.

12	7	13
2	2	3
140	?	160

प्रश्न-चिह्न के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

(a) 45 (b) 25
(c) 14 (d) 49

निर्देश (प्र.सं. 134-137): इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिये दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये।

एक संगठन के विभिन्न विभागों में कर्मचारियों का प्रतिशत और पुरुष-महिला अनुपात
कर्मचारियों की कुल संख्या = 2500



पुरुष : महिला अनुपात

विभाग	पुरुष : महिला
प्रशासन	7 : 5
लेखा	2 : 3
एच.आर.	5 : 3
विपणन	7 : 8
आई.टी.	3 : 4
परिचालन	5 : 4
लॉजिस्टिक्स	6 : 5
प्रिंटिंग	2 : 1

134. प्रशासन और प्रिंटिंग विभाग में पुरुष कर्मचारियों के बीच का क्रमश: अनुपात क्या है?

(a) 7 : 4 (b) 4 : 7
(c) 3 : 4 (d) 7 : 3

Copyright– Drishti The Vision Foundation

135. आई.टी और परिचालन विभाग में कर्मचारियों की कुल संख्याओं के बीच का अंतर क्या है?
   (a) 75 (b) 150
   (c) 100 (d) 50

136. एच.आर. और विपणन विभाग में पुरुषों की कुल संख्या का इन्हीं दो विभागों में महिलाओं की कुल संख्या से क्रमश: अनुपात क्या है?
   (a) 13 : 15 (b) 15 : 13
   (c) 13 : 17 (d) 17 : 14

137. एच.आर विभाग में कितनी महिला कर्मचारी हैं?
   (a) 250 (b) 120
   (c) 125 (d) 150

निर्देश (प्र.सं. 138-141): दिये गए ग्राफ का ध्यान से अध्ययन कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

विगत वर्षों में अलग-अलग तीन प्रकार की मोबाइल सेवा का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या (हज़ारों में)



138. सभी वर्षों को मिलाकर मोबाइल सेवा M का उपयोग करने वाले लोगों की औसत संख्या क्या है?
   (a) $16\frac{2}{3}$ (b) $14444\frac{1}{6}$
   (c) $16666\frac{2}{3}$ (d) $14\frac{1}{6}$

139. वर्ष 2006 में मोबाइल सेवा N का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या उस वर्ष सभी तीन मोबाइल सेवाओं का उपयोग करने वाले लोगों की कुल संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है?
   (a) 18 (b) 26
   (c) 11 (d) 23

140. वर्ष 2005 में मोबाइल सेवा L का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या वर्ष 2004 में उसी का उपयोग करने वाले लोगों से क्रमश: अनुपात क्या था?
   (a) 8 : 7 (b) 3 : 2
   (c) 19 : 13 (d) 15 : 11

141. वर्ष 2008 और 2009 में मोबाइल सेवा M का उपयोग करने वाले लोगों की कुल संख्या कितनी है?
   (a) 35000 (b) 30000
   (c) 45000 (d) इनमें से कोई नहीं।

142. प्रदत्त विकल्पों में से उस घन को चुनें, जो कागज के दिये गए टुकड़े को मोड़कर बनाया जा सकता है।





   (a) (i) और (ii) (b) (i), (ii) और (iii)
   (c) केवल (iii) और (iv) (d) केवल (iv)

143. किसी बहुभुज के आंतरिक कोण समांतर श्रेणी में है एवं सबसे छोटा कोण 120° का हो तो भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिये, यदि सार्वंतर 5° है।
   (a) 6 (b) 7
   (c) 8 (d) 9

144. 10 से 30 के बीच की दस संख्याओं (संख्याओं की पुनरावृत्ति हो सकती है) के समूह का समांतर माध्य 22 है तथा समूह में ग्यारहवीं संख्या 33 के आ जाने के बाद समूह का समांतर माध्य क्या होगा?
   (a) 22 (b) 33
   (c) 23 (d) इनमें से कोई नहीं

145. निम्नलिखित वर्गीकृत आँकड़ों का माध्य निकालें।
   क्लास टेस्ट में विभिन्न विद्यार्थियों के प्राप्तांकों का बंटन

प्राप्तांक	विद्यार्थियों की संख्या (f_1)
15-20	6
20-25	7
25-30	9
30-35	8
35-40	10

   उपरोक्त सारणी का माध्य होगा?
   (a) 28.625 (b) 40.72
   (c) 70.85 (d) 30.62

Copyright– Drishti The Vision Foundation

146. यदि $\frac{(x-2)^3}{(x-6)^3} = \frac{x-1}{x-7}$ तो x का मान ज्ञात करें?

(a) 2 (b) 4

(c) 6 (d) 8

147. चार गायों को एक वर्गाकार चरागाह के चारों कोनों पर बांधा गया है। उनको बांधने वाली रस्सी मात्र इतनी बड़ी है कि कोई भी दो लगातार शीर्षों पर बंधी गायें एक-दूसरे को स्पर्श कर सके। तो बताइये कि उनके द्वारा चरा गया क्षेत्रफल तथा चरागाह के कुल क्षेत्रफल का अनुपात क्या है?

(a) 22 : 11 (b) 11 : 22

(c) 22 : 28 (d) 22 : 26

148. एक व्यक्ति और उसकी पत्नी दो समान पदों के लिये साक्षात्कार में उपस्थित होते हैं। पति के चयनित होने की प्रायिकता $\frac{1}{7}$ और पत्नी के चयनित होने की प्रायिकता $\frac{1}{5}$ है। इसकी क्या प्रायिकता है कि इनमें केवल एक चुना जाएगा?

(a) $\frac{12}{35}$ (b) $\frac{1}{35}$

(c) $\frac{2}{7}$ (d) $\frac{1}{5}$

149. एक व्यक्ति ने दो कलम ₹ 65 में खरीदी। उसने इनमें से एक को 7% लाभ पर तथा दूसरे को 6% हानि पर बेच दिया और इस प्रकार उसे न तो लाभ हुआ और न ही हानि। कलमों का मूल्य क्रमशः था?

(a) ₹ 35, ₹ 30 (b) ₹ 32, ₹ 33

(c) ₹ 33, ₹ 32 (d) ₹ 30, ₹ 35

150. राम को याद है कि श्याम का जन्मदिन 11 और 15 सितंबर के बीच है, जबकि मोहन के अनुसार श्याम का जन्मदिन 13 सितंबर के बाद और 16 सितंबर से पहले है तो श्याम का जन्म किस तारीख का हुआ था?

(a) 14 सितंबर (b) 15 सितंबर

(c) 16 सितंबर (d) निश्चित नहीं है।

Copyright– Drishti The Vision Foundation

यू.पी.पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा-2017
(सामान्य अध्ययन- द्वितीय प्रश्नपत्र) मॉडल पेपर-1

उत्तरमाला

1.	(d)	39.	(b)	77.	(c)	115.	(d)
2.	(b)	40.	(d)	78.	(d)	116.	(b)
3.	(a)	41.	(c)	79.	(a)	117.	(d)
4.	(a)	42.	(b)	80.	(d)	118.	(d)
5.	(a)	43.	(c)	81.	(b)	119.	(b)
6.	(a)	44.	(d)	82.	(c)	120.	(c)
7.	(c)	45.	(b)	83.	(b)	121.	(a)
8.	(b)	46.	(d)	84.	(a)	122.	(a)
9.	(c)	47.	(b)	85.	(c)	123.	(d)
10.	(c)	48.	(c)	86.	(b)	124.	(d)
11.	(c)	49.	(d)	87.	(b)	125.	(d)
12.	(d)	50.	(a)	88.	(b)	126.	(b)
13.	(b)	51.	(a)	89.	(d)	127.	(d)
14.	(a)	52.	(b)	90.	(b)	128.	(a)
15.	(d)	53.	(c)	91.	(a)	129.	(c)
16.	(b)	54.	(b)	92.	(b)	130.	(c)
17.	(d)	55.	(d)	93.	(b)	131.	(d)
18.	(d)	56.	(c)	94.	(a)	132.	(c)
19.	(d)	57.	(c)	95.	(b)	133.	(a)
20.	(c)	58.	(c)	96.	(a)	134.	(a)
21.	(d)	59.	(b)	97.	(c)	135.	(c)
22.	(a)	60.	(c)	98.	(c)	136.	(d)
23.	(b)	61.	(c)	99.	(c)	137.	(d)
24.	(a)	62.	(b)	100.	(b)	138.	(c)
25.	(c)	63.	(c)	101.	(a)	139.	(a)
26.	(d)	64.	(a)	102.	(b)	140.	(b)
27.	(b)	65.	(a)	103.	(b)	141.	(d)
28.	(b)	66.	(c)	104.	(a)	142.	(d)
29.	(b)	67.	(a)	105.	(a)	143.	(d)
30.	(a)	68.	(b)	106.	(a)	144.	(c)
31.	(b)	69.	(d)	107.	(c)	145.	(a)
32.	(a)	70.	(c)	108.	(c)	146.	(b)
33.	(b)	71.	(c)	109.	(c)	147.	(c)
34.	(a)	72.	(c)	110.	(a)	148.	(c)
35.	(d)	73.	(d)	111.	(c)	149.	(d)
36.	(a)	74.	(c)	112.	(b)	150.	(a)
37.	(b)	75.	(c)	113.	(a)		
38.	(b)	76.	(d)	114.	(c)		

Copyright– Drishti The Vision Foundation